# पानी बचाने का संकल्प, पूरन तालाब में उतरे प्रभारी मंत्री

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर की तालाब की सफाई, बोले-'आने वाली पीढ़ी के लिए पानी सहेजना जरूरी'






**अरविंद ताम्रकार**
**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**

प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि पानी प्रकृति का सबसे बड़ा वरदान है और आने वाली पीढ़ी के लिए इसे सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है और इसके लिए जल स्त्रोतों को बचाना तथा वर्षा जल का संग्रह करना जरूरी है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन स्थित पूरन तालाब पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई की। इस दौरान सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी श्रमदान किया।

प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण और बारिश की बूंद-बूंद को सहेजने का अभियान है। गुड़ी पड़वा से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में पानी का महत्व और बढ़ गया है, इसलिए सभी लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा।

उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में तालाबों का निर्माण इस सोच के साथ किया जाता था कि पूरे वर्ष पानी उपलब्ध रहे। आज आधुनिक विज्ञान और तकनीक का उपयोग कर जल संरचनाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। साथ ही शासकीय और निजी भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना भी जरूरी है।

प्रभारी मंत्री ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पार्क विकसित करने तथा जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की।

इस अवसर पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण का अभियान है। उन्होंने बताया कि पूरन तालाब एक प्राचीन तालाब है, जहां अभियान के तहत तालाब की पिचिंग और बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया गया है। साथ ही सोख पिट निर्माण और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर आवास पर प्रगणक ने किया जनगणना कार्य




**पीपुल्स प्रवक्ता, गुना।**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने निवास पर प्रगणक के माध्यम से जनगणना हेतु मकान नंबर की प्रविष्टि कराकर जिले में हाउस लिस्टिंग कार्य का औपचारिक शुभारंभ कराया। इस दौरान प्रगणक द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से भवन एवं परिवार संबंधी जानकारी दर्ज की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने स्वयं अपनी स्श्वद्धूष्ठ उपलब्ध कराकर प्रक्रिया का सत्यापन कराया।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि जनगणना कार्य के दौरान घर-घर पहुंचने वाले प्रगणकों का सहयोग करें तथा मकानों पर अंकित किए गए नंबरों को सुरक्षित बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सटीक जनगणना डेटा भविष्य की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान कलेक?टर श्री कन्?याल ने उपस्थित प्रगणकों का स्वागत भी किया।

# पुलिस ताइक्वांडो क्लब रायसेन के 24 खिलाड़ियों को मिली 1.82 लाख की खेलवृत्ति

**» स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने दी प्रोत्साहन राशि**




**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**

पुलिस ताइक्वांडो क्लब, पुलिस लाइन रायसेन के 24 पदक विजेता खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कुल 1 लाख 82 हजार रुपये की खेलवृत्ति प्रदान की गई है। यह राशि जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायसेन द्वारा खिलाड़ियों के खातों में जमा कराई गई।

पुलिस ताइक्वांडो क्लब के कोच दिनेश दिवाकर ने बताया कि वर्ष 2024-25 में क्लब के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य पदक हासिल किए। विभाग द्वारा स्वर्ण पदक विजेताओं को 10-10 हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं को 8-8 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 6-6 हजार रुपये की खेलवृत्ति प्रदान की गई।

10-10 हजार रुपये प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अक्षिता दुबे, आराध्या मालवीय, रेवा गुर्जर, अक्षत लोधी, अनय गौर, लक्ष्य गौर 8-8 हजार रुपये प्राप्त करने वाले खिलाड़ी रोमित ओड, दिव्यांश चौधरी, शाहजी राव पवार, सौम्या कुशवाहा और देव उईके।

6-6 हजार रुपये प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रियांशी श्री, सिया नाविक, नाव्यांशी साहू, योग्यता कुशवाहा, नैंसी लोधी, अंजली सिंह, प्रियांशा दुबे, शौर्य कुशवाह, प्रथम दिवाकर, चित्रांश साहू, पार्थ सिंह राणा

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, रक्षित निरीक्षक कविता डामोर, सूबेदार प्रदीप रघुवंशी, सूबेदार नीतू ठाकुर तथा जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

## प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक

**पीपपुल्स प्रवक्ता रायसेन।**

जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने की।

बैठक में डॉ प्रभुराम चौधरी, सुरेंद्र पटवा, रामपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीना, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, जनपद अध्यक्ष सांची अर्चना पोर्ते, राकेश शर्मा सहित जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।




बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में विभागवार विकास कार्यों और शासन की जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयसीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं।

बैठक में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याएं और विकास कार्यों के सुझाव बैठक में रखे।

कलेक्टर ने जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति से समिति को अवगत कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सब्जी मंडी क्षेत्र में नाले से हटाया अस्थायी अतिक्रमण, फल ठेलों को किया शिफ्ट



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

शहर में बारिश पूर्व चल रहे नाला-नाली सफाई अभियान के दौरान यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमण को भी सख्ती से हटाया जा रहा है। शनिवार को नगरपालिका अमले ने एसडीएम के नेतृत्व में सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई की।

नगरपालिका, यातायात और के संयुक्त अमले ने सब्जी मंडी से लेकर पोस्ट ऑफिस चौराहे के बीच लगने वाले फल ठेलों को सड़क से हटाकर सब्जी मंडी में लगाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई का विरोध भी हुआ। एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने बताया पिछले 15 दिन से मुनादी कराई जा रही थी कि फुटपाथ पर लगने वाले फल ठेले सब्जी मंडी में लगाए जाए, इसके लिए मंडी में व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने बताया शहर में यातायात व्यवस्था सुधार के लगातार प्रयास किए जा रहे है। एमजी रोड़ से जहां फल ठेले शिफ्ट कराए है तो वहीं बावड़ी बस स्टॉप पर भी अतिक्रमण हटाकर आवागमन सुचारु करने का प्रयास किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ अडानी आज गुना में

**» रविवार को 1189 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का करेंगे भूमि-पूजन एवं लोकार्पण**

**पीपुल्स प्रवक्ता, गुना।**




केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को गुना जिले को विकास की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले में औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1059 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। साथ ही लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के 144 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यों से जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

जिले में मिलेगें रोजगार के अवसरः अंबुजा कांक्रीट नार्थ प्रा.लि. (अडानी ग्रुप) द्वारा मावन में 32 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित की जाने वाली यह सीमेंट प्रोजेक्ट जिले के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना की उत्पादन क्षमता 2म2 मिलियन टन प्रतिवर्ष होगी। यह यूनिट गुना शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थापित की जा रही है।

रोजगार के मिलेंगे अवसरः सीमेंट प्रोजेक्ट के प्रारंभ होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही शासन को प्रतिवर्ष लगभग 160 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है।

क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावाः प्रस्तावित परियोजना से न केवल औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि परिवहन, व्यापार, सेवा एवं अन्य सहायक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे गुना जिले की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्?द सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

# एसपी वर्मा ने किया बिस्टान थाने का किया औचक निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**



एसपी रविंद्र वर्मा ने शनिवार को बिस्टान थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने की कार्यप्रणाली, रिकॉड रखरखाव, अनुशासन, स्वच्छता एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति को परखा। थाना प्रभारी बिस्टान निरीक्षक गुलाब सिंह रावत से थाना क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधी तत्वों, फरार आरोपियों, लंबित आरोपियों, आपराधिक तत्वों, शहर के संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एसपी ने बताया पुलिस की कार्यप्रणाली में और कसावट लाने एवं उसमें कुछ कमियों का सुधार कर बेहतर कानून व्यवस्था करने के उद्देश्य समय-समय पर आला अधिकारी थानों का निरीक्षण करते है। इसी के तहत यह निरीक्षण किया गया। थाना परिसर में हवालात, बलवा ड्रिल सामग्री, शस्त्रागार, रोजनामचा, सीसीटीएनएस और रिकॉर्ड शाखा का अवलोकन करते हुए अभिलेख संधारण एवं अद्यतन प्रविष्टियों की स्थिति देखी व थानों पर ड्यूटीरत स्टॉफ से चर्चा की साथ ही नवीन निर्माणाधीन थाना भवन का भी निरीक्षण किया गया। लंबित अपराधो, फरार अपराधियों की धरपकड़, न्यायालय के सम्मन वारंट तामील कराए जाने, महिलाओं, बालिकाओं के विरुद्ध, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अपराधों को नियंत्रण करने आदि की समीक्षा की गई व इनके निकाल के निर्देश दिए गए।

# सेवढ़ा पुलिस का ग्राम देभई में जनसंवाद, साइबर अपराध और नशे के खिलाफ किया जागरूक



**दतिया।** थाना सेवढ़ा पुलिस द्वारा शुक्रवार को ग्राम देभई में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के करीब 100 से 150 ग्रामीण, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें साइबर अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जनसंवाद के दौरान सेवढ़ा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील बनोरिया ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि किसी भी अनजान कॉल, फर्जी लिंक या लालच देने वाले संदेशों पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें। युवाओं को नशे और गलत संगति से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आपसी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं जनता के सहयोग की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# स्कॉर्पियो में भरकर ले जा रहे थे अवैध शराब, अतरेटा पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अतरेटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से करीब 4 लाख 61 हजार 160 रुपए कीमत की अवैध शराब और वाहन जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे तथा एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।




थाना प्रभारी अतरेटा उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने खमरोली तिराहा स्थित चिताई मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहन की चेकिंग शुरू की। संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई।

पुलिस ने वाहन से 5 पेटी लाल प्लेन मदिरा, 7 पेटी सफेद मदिरा और 4 पेटी बीयर सहित कुल 146 लीटर शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 61 हजार 160 रुपए बताई गई है। इसके अलावा शराब परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन, जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपए आंकी गई है, उसे भी जब्त कर लिया गया। मौके से पुलिस ने विकास पुत्र जसवंत सिंह लोधी एवं सतेंद्र पुत्र अजब सिंह लोधी निवासी ग्राम रावपुरा, थाना गोरमी जिला भिंड को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला उप जेल सेवढ़ा भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक रामकुमार यादव, प्रधान आरक्षक अशोक कौरव, आरक्षक देवेंद्र गुर्जर, आरक्षक संजय सोलंकी, आरक्षक जितेंद्र यादव एवं आरक्षक प्रदीप की सराहनीय भूमिका रही।

# न्यायालय परिसर में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत, 187 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**पीपुल्स प्रवक्ता, गोहद।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड के आदेशानुसार आज न्यायालय परिसर गोहद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पक्षकारों ने अपने प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला न्यायाधीश श्रीमती आरती ए. शुक्ला, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर न्यायालय परिसर में न्यायिक गरिमा और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला।



नेशनल लोक अदालत के तहत तहसील न्यायालय गोहद में 6 खंडपीठों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। लोक अदालत में कुल 55 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें 4 लाख 72 हजार रुपये की समझौता राशि जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त लिटिगेशन के 132 प्रकरणों का भी सफलतापूर्वक निराकरण हुआ, जिनमें 25 लाख 70 हजार 335 रुपये की राशि जमा की गई।

इस प्रकार कुल 187 मामलों का समाधान कर न्यायालय ने न केवल पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में संवाद और समझौते की भावना को भी मजबूत किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगणों ने पक्षकारों को आपसी संवाद और समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त करने के लाभों के बारे में जानकारी दी तथा समझौता होने पर पक्षकारों को भगवान की तस्वीर एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक सोच का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती स्वाति समाधिया (न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोहद), श्री आयुष कनेल (न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोहद), श्री अभिषेक दीक्षित (न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोहद), श्रीमती परिधि शर्मा (न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोहद) एवं श्रीमती सुरभि धीरज सिंह (न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोहद) सहित न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।